## महत्वपूर्ण एवं खास

### कुंए में पंप निकालने उतरे तीन की मौत

**बेमेतरा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के ग्राम कुंआ में बड़ा हादसा हो गया है। यहां कुंए में पंप सुधारने उतरे तीन लोगों की मौत हो गई है। मामला चंदनू थानाक्षेत्र का है। घटना की सूचना मिलते ही दुर्ग एसडीआरएफ की टीम मौक पहुंची और मृतकों क शव को बाहर निकाला। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुंआ स्थित एक कुंए में मोटरपंप लगा हुआ था जिसे निकालने के लिए दो लोग नीचे उतरे थे और वापस उपर नही आये यह देखकर तीसरा व्यक्ति भी कुंए में उतरा और वह भी वापस नही आया। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना चंदनू थाने में दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस तथा दुर्ग एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और मृतकों के शव को कुंए से बाहर निकाल पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बताया जा रहा है कुंए में लगे पंप में करेंट था जिसकी चपेट में आकर तीनों की मौत हो गई। फिलहाल इस मामले की जांच की जा रही है। मृतकों की पहचान आत्माराम पिता परदेशी साहू उम्र 55 वर्ष, राकेश पिता बाबूलाल साहू 25 वर्ष तथा रामकुमार पिता रामलाल धुरव 45 वर्ष के रूप में हुई है।

### केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर

**रायपुर (आरएनएस)।** केंद्रीय राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सावित्री ठाकुर 27 एवं 28 जुलाई को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ के प्रवास पर रहेंगी। प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय राज्य मंत्री ठाकुर 27 जुलाई को शाम 6.30 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेगी। उसके बाद 6.45 बजे सर्किट हाउस रायपुर पहुंचेगी। रात्रि 7.30 बजे सडक़ मार्ग से रायपुर से अंबिकापुर के लिए प्रस्थान करेंगी। रात्रि 11.55 बजे सर्किट हाउस अंबिकापुर पहुंचेंगी। 28 जुलाई को सुबह 9.30 बजे मंत्री ठाकुर द्वारा आंगनबाड़ी और सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया जायेगा। इसके बाद सुबह 11 बजे से पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल होंगी। दोपहर 12.15 बजे प्रेस कांफ्रेंस लेंगी। दोपहर 12.30 बजे से छत्तीसगढ़ शासन से महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री एवं अधिकारियों के साथ बैठक लेंगी। बैठक के बाद दोपहर 2 बजे सर्किट हाउस अंबिकापुर से रायपुर के लिए रवाना होंगी। रात्रि 7.30 बजे रायपुर पहुंचकर 9.30 बजे वायु मार्ग से दिल्ली के रवाना होंगी।

### केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर 2 दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर

**रायपुर (आरएनएस)।** केंद्रीय राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सावित्री ठाकुर 27 एवं 28 जुलाई को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ के प्रवास पर रहेंगी। प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय राज्य मंत्री ठाकुर 27 जुलाई को शाम 6.30 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेगी। उसके बाद 6.45 बजे सर्किट हाउस रायपुर पहुंचेगी। रात्रि 7.30 बजे सडक़ मार्ग से रायपुर से अंबिकापुर के लिए प्रस्थान करेंगी। रात्रि 11.55 बजे सर्किट हाउस अंबिकापुर पहुंचेंगी। 28 जुलाई को सुबह 9.30 बजे मंत्री ठाकुर द्वारा आंगनबाड़ी और सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया जायेगा। इसके बाद सुबह 11 बजे से पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल होंगी। दोपहर 12.15 बजे प्रेस कांफ्रेंस लेंगी। दोपहर 12.30 बजे से छत्तीसगढ़ शासन से महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री एवं अधिकारियों के साथ बैठक लेंगी। बैठक के बाद दोपहर 2 बजे सर्किट हाउस अंबिकापुर से रायपुर के लिए रवाना होंगी। रात्रि 7.30 बजे रायपुर पहुंचकर 9.30 बजे वायु मार्ग से दिल्ली के रवाना होंगी।

# छत्तीसगढ़ में स्किल्ड-बेस्ड एजुकेशन, प्राकृतिक औषधालय और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को मिलेगा बढ़ावा- मुख्यमंत्री साय

- मुख्यमंत्री ने रायपुर में वर्षा-जल संरक्षण अनुसंधान केंद्र की जरूरत जताई
- नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की नौवीं बैठक में शामिल हुये छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली/रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की नौवीं बैठक में राज्य की विकास योजना प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्य की प्राथमिकताओं और विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी, जिसमें शिक्षा, मानव संसाधन विकास , स्वास्थ्य, और तकनीकी उन्नति पर जोर दिया गया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए प्रस्तावित योजनाओं को साझा किया, जो विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में राज्य की भूमिका को स्पष्ट करती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि , छत्तीसगढ़ 2047 तक विकसित भारत में प्रमुख भूमिका निभाएगा। वर्तमान में राज्य का त्रस्ष्ठक्क 5.05 लाख करोड़ रुपये है, जिसे अगले पांच वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने का लक्ष्य है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में सुधार और लक्ष्यों पर काम शुरू किया गया है।

बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के विकास में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का मुख्य फोकस स्किल्ड मानव संसाधन तैयार करने पर है। छत्तीसगढ़ में शिक्षा को व्यावसायिक कौशल और ट्रेनिंग से जोड़ा जा रहा है। इसका उद्देश्य छात्रों को ऐसी क्षमताएँ देना है जो उन्हें रोजगार के लिए तैयार करें। राज्य में प्रत्येक छात्र के लिए 'वन नेशन, वन स्टूडेंट आईडी कार्ड' ( ्रक्क्रक्र आईडी ) बनाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसमें छात्र के शैक्षणिक अनुभव से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारी डिजिटल रूप में मौजूद होंगी।

उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर उपलब्धता, सतत विकास, और राज्य की संस्कृति व परंपरा के संरक्षण की योजना साझा की। आर्थिक सशक्तिकरण के लिए छत्तीसगढ़ सुपर फूड्स की पैदावार और प्राकृतिक औषधालयों का निर्माण किया जाएगा। स्थानीय उत्पादों की प्रोसेसिंग और ब्रांडिंग को बढ़ावा मिलेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आईटी सेक्टर के विस्तार के साथ-साथ सडक़ों, इमारतों जैसी भौतिक संरचनाओं और इंटरनेट, मोबाइल नेटवर्क जैसी डिजिटल सुविधाओं के विकास पर भी जोर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए केंद्र से सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि छतों पर सौर ऊर्जा लगाने की प्रक्रिया को सरल कर दिया गया है और 100 गांवों को पूरी तरह नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित बनाने की योजना बनाई है। सरकारी भवनों में रूफ टॉप सोलर संयंत्र लगाने के लिए सर्वे पूरा कर लिया गया है, और नया रायपुर के अधिकांश सरकारी भवनों में ये संयंत्र स्थापित कर दिए गए हैं, जिनसे विद्युत आपूर्ति ग्रिड में की जाती है।

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में मार्च 2026 तक 96 प्रतिशत घरों में पेयजल पहुंचा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य 2047 तक केवल विकसित ही नहीं, बल्कि जल-सुरक्षित भारत 2047 भी होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार से तकनीकी और आर्थिक सहयोग की उम्मीद जताई। इसके अलावा, रायपुर में नेशनल ग्राउंड वाटर ट्रेनिंग और रिसर्च इंस्टीट्यूट को और मजबूत करने के साथ-साथ वर्षा-जल संरक्षण अनुसंधान केंद्र की स्थापना की भी मांग की। उन्होंने कहा कि, इसकी स्थापना से छत्तीसगढ़ में बारिश के पानी को सही से संचित और इस्तेमाल किया जा सकेगा। इससे जल संकट कम होगा और किसानों को ज्यादा मदद मिलेगी।

उन्होंने बताया कि आदिवासी इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट्स की तैनाती की गई है। अब छत्तीसगढ़ के सबसे दुर्गम इलाकों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच रही हैं। इन मोबाइल यूनिट्स के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों को सुविधा मिल रही है।

मुख्यमंत्री साय ने भूमि और संपत्ति के मुद्दों पर कहा कि छत्तीसगढ़ में सभी भूमि रिकॉर्ड डिजिटल किए जा रहे हैं। इस तकनीक से पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण लगेगा।

## ट्रक में लगे नए टायर और डिस्क चोरी कर फरार ड्रायवर हुआ गिरफ्तार

- आरोपी से करीब ढाई लाख रूपए के 10 ट्रक टायर और 2 डिस्क जब्त

**रायगढ़**



दिनांक 26.07.2024 को जूटमिल पुलिस द्वारा ट्रक टायर और डिस्क चोरी मामले के आरोपी ट्रक के ड्रायवर राहुल राजकुमार को गिरफ्तार कर आरोपी से चुराये 10 नग ट्रक टायर और 02 डिस्क की जप्ती की गई है। आरोपी को जूटमिल पुलिस द्वारा आज ज्युडिसियल रिमांड पर भेजा गया है।

ट्रक टायर और डिस्क चोरी के संबंध में ग्राम लेन्ध्रा बरमकेला में रहने वाले शुभम अग्रवाल द्वारा 25 जुलाई को थाना जूटमिल में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके ट्रक क्र. सी0जी0-04-एम0एम0-1155 रायगढ से रायपुर ट्रांसपोर्टिंग के कार्य में लगी हुई थी जिसे ड्रायवर राहुल राजकुमार निवासी औरगांबाद बिहार चलाता था जिसके एवज में राहुल को प्रतिमाह 10,000 रुपये दिया जाता था। दिनांक 02.04.2024 के सुबह ट्रक ड्रायवर राहुल राजकुमार अपना मोबाईल को बंद कर ट्रक को रायगढ छातामुडा बाईपास में खड़ी कर कहीं चला गया। राहुल और ट्रक की खोजबिन किये तो ट्रक को बाईपास में खड़ा मिला। ड्रायवर राहुल राजकुमार ने ट्रक में लगे नये 10 नग टायर, 02 नग डिस्क को चोरी कर पुराना टायर एवं डिस्क को ट्रक में लगा दिया था। आवेदन पर आरोपी राहुल राजकुमार के विरूद्ध अप.क्र. 337/2024 धारा 381 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा आरोपी का डिटेल लेकर जानकारी जुटाये और मुखबीरों को आरोपी की सूचना देने लगाया गया। कल मुखबीर सूचना पर जूटमिल पुलिस द्वारा आरोपी राहुल राजकुमार पिता भगत सिंह 26 साल निवासी ग्राम कमरा पोस्ट विशम्भरपुर थाना कसमा जिला औरगांबाद (बिहार) को जूटमिल क्षेत्र में घूमते हिरासत में लिया गया जिसके मेमोरेंडम पर पटेलपाली सब्जी मंडी के पास छिपाकर रखे चुराये 10 नग ट्रक टायर कीमती 2,50,799/- रू और 02 नग डिस्क 13,000 रू जुमला कीमती 2,63,799/- रूपये की संपत्ति बरामद कर आरोपी को आज चोरी के अपराध में जूटमिल पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## दुर्घटनाग्रस्त कार का टायर पार, खड़े ट्रेलर से डीजल की चोरी


**कोरबा**

जिलान्तर्गत कुसमुंडा थाना क्षेत्र के शिव मंदिर चौक से कुछ दूर मुख्य मार्ग पर खड़े ट्रेलर से चोरों ने डीजल की चोरी की हैं। चालक के गहरी नींद में होने से चोरों की आहट का पता नहीं चल सका। वाहन के टैंक में पाइप लगाकर चोर गिरोह के सदस्य डीजल की चोरी कर रहे थे, तभी डॉयल 112 पुलिस वाहन में गश्त कर रहे जवानों की नजर पड़ी। मौका पाकर डीजल चोर गिरोह के सदस्य भाग निकले। इधर, हाइवे मार्ग पर चैतमा के पास दुर्घटनाग्रस्त कार का टायर चोरों ने पार कर दिया है।

जानकारी के अनुसार कुसमुंडा मुख्य मार्ग पर शिव मंदिर चौक से गुरुद्वारा के बीच रोड किनारे ट्रेलर को खड़ा कर वाहन का चालक सो गया। डीजल चोर गिरोह के सदस्यों ने वाहन के टैंक में पाइप लगाकर डीजल की चोरी कर लिया। घटना 24-25 जुलाई की दरम्यानी रात की बताई गई। डॉयल 112 वाहन में गश्त कर रहे पुलिस जवानों की नजर भारी वाहन से डीजल चोरी कर रहे गिरोह के सदस्यों पर पड़ी, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर चोर गिरोह के सदस्य भागने में सफल हो गए। पिछले दिनों पाली क्षेत्र के चैतमा के पास स्विफ्ट कार नेशनल हाइवे मार्ग पर बेकाबू होकर रोड किनारे पलट गया था। दुर्घटनाग्रस्त कार का टायर चोरों ने पार कर दिया है।

## कमल विहार में घर दिलाने के नाम पर 32 लोगों से 90 लाख की ठगी

**रायपुर । आरएनएस**




राजधानी के कमल विहार में मकान दिलाने के नाम पर ठगे जाने का मामला सामने आया है। प्रेमी जोड़े ने मिलकर मकान दिलाने के नाम पर 32 लोगों से 90 लाख रूपये ठग लिये और फरार हो गये। मामले की शिकायत पीड़ितों ने टिकरापारा थाने में दर्ज कराई है।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अभय यादव, उसकी प्रेमिका और एक सहयोगी निहाल यादव ने रायपुर के लालपुर क्षेत्र में एक ऑफिस खोला। जिसके बाद आरोपियों ने लोगों को कमल विहार में घर दिलवाने का झांसा दिया। आरोपियों के इस झांसे में करीब 32 गरीब परिवार आ गये,और साल 2022 से 2024 तक पीडितों ने आरोपियों को लगभग 90 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। इससे बाद जब घर दिलाने का समय आया तो आरोपी ऑफिस बंद कर भाग गए। जिसके बाद पीडितों को ठगे जाने का अहसास हुआ तो उन्होंने टिकरापारा थाने में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## पूंजीपथरा पुलिस की शराब रेड कार्यवाई में अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त दो आरोपी पकड़ाए, आरोपियों से 105 लीटर महुआ शराब जब्त

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर अवैध शराब पर सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में दिनांक 27/07/2024 के सुबह थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में पूंजीपथरा पुलिस अवैध शराब पर दो बड़ी कार्यवाही की गई है। पुलिस ने ग्राम गेरवानी में शराब रेड कार्यवाही कर आरोपी सूरज महिष पिता रमय्या महिष उम्र 30 वर्ष निवासी गांधीनगर रायगढ़ को पकड़ा जिसके कब्जे से से 60 लीटर महुआ शराब तथा ग्राम गेरवानी में एक अन्य कार्यवाही में आरोपी जितेन्द्र चौहान पिता झाडूराम चौहान उम्र 29 वर्ष निवासी केडार हामु गेरवानी को पकड़ा गा जिसके कब्जे से 45 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई है। टीआई राकेश मिश्रा को सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी क्षेत्र में अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करते हैं जिस पर थाना प्रभारी द्वारा मुखबीर व स्टाफ लगा रखे थे। दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 105 लीटर अवैध महुआ शराब की जप्ती की गई है। आरोपियों पर थाना पूंजीपथरा में अपराध क्रमांक 178/2024 एवं 179/2024 धारा 34(2), 59 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। शराब रेड कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक जयराम सिदार, आरक्षक बालचंद्र राव , विक्रम कुजूर और नरेंद्र पैंकरा शामिल थे।

## अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत आवेदकों को मिलेगा ढाई लाख रूपए

- आवेदक दम्पत्ति में कोई एक छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जाति का होना अनिवार्य

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की योजना (डॉ आंबेडकर स्कीम फॉर सोशल इंटीग्रेशन इंटरकास्ट मैरिज) अथवा छत्तीसगढ़ अस्पृश्यता निवारणार्थ अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अंतर्गत आदिवासी विकास विभाग द्वारा अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना से दिये जाने वाले अनुदान, सहायता पुरस्कार राशि ढाई लाख (2,50,000) रूपये है।

योजना अंतर्गत आवेदकों को अंतर्जातीय विवाह करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के मध्य आवेदन प्रस्तुत करना होता है। दम्पत्ति में से अनुसूचित जाति के व्यक्ति को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। अंतर्जातीय विवाह को हिन्दु मैरिज एक्ट के तहत सक्षम अधिकारी के कार्यालय का पंजीकृत प्रमाण पत्र होना चाहिए। द्वितीय विवाह में कोई राशि प्रदाय नही की जायेगी। दम्पत्ति में किसी की भी आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होगी, परंतु युवक की आयु 21 वर्ष तथा युवती की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होगी। इसमें आय सीमा (इनकम) का बंधन नहीं है। योजना में से किसी एक योजना का लाभ लेने का पात्र होगा। दम्पत्ति में से कोई भी छत्तीसगढ़ अथवा अन्य किसी भी राज्य से ऐसी किसी योजना से लाभान्वित न हुआ हो। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज अंतर्गत निर्धारित प्रारूप में आवेदन, स्थाई जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र, संयुक्त खाता (भारतीय स्टेट बैंक), अंक सूची जिसमें जन्मतिथि अकित हो और आधार कार्ड शामिल है। इस योजना के लाभ के लिए जिले के कार्यालय कलेक्टर सारंगढ़ स्थित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में आवेदन पत्र किया जाता है।

## नक्सलियों के बिछाये आईईडी की चपेट में आया 10 साल का मासूम,पैर के उड़े चिथड़े

**बीजापुर । आरएनएस**



बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में आईईडी की चपेट में आकर एक 10 साल का मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया है। धमाके से उसके पैर के चिथड़े उड़ गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही सीआरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे और प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफ र किए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों ने गंगालूर थाना क्षेत्र के मुदवेंडी और पीडिया के बीच प्रेशर आईडी प्लांट कर रखी हुई थी। वहीं पर शनिवार को पटेलपारा का रहने वाला हिड़मा कवासी (10 वर्ष )बकरी चराने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान मुरूमपारा के नजदीक आईईडी पर उसका पैर आ गया और जोर का धमाका हुआ। इस घटना में उसके पैर के चिथड़े उड़ गए। धमाके की आवाज सुनकर आस-पास मौजूद अन्य ग्रामीण वहां पहुंचे। जिन्होंने बच्चे को उठाकर घर पहुंचास। और इसकी जानकारी मिलने पर कुछ देर बाद सीआरपीएफ के जवानों वहां पहुंचे और बच्चो का प्राथमिक उपचार कर फ रैन बीजापुर जिला अस्पताल रेफर किया, जहां बच्चे का उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि क्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी प्लांट कर रखा था और बच्चा उसकी चपेट में आ गया।

## 3 लाख रुपये के ईनामी नक्सली महिला ने किया सरेंडर

**कवर्धा (आरएनएस)।** जिले में 3 लाख रुपये के ईनामी नक्सली महिला ने आत्मसमर्पण कर दिया है। रानिता उर्फ हिड़मे कोवासी, जो 22 वर्ष की उम्र की हैं, ने नक्सली संगठन के खिलाफ पुलिस की पहल पर आत्मसमर्पण किया। रानिता, जो पहले नक्सली संगठन के साथ सक्रिय रूप से जुड़ी हुई थीं, ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण करते हुए कहा कि वह अब समाज की मुख्यधारा में वापस लौटना चाहती हैं। आत्मसमर्पण के दौरान, उन्होंने नक्सली गतिविधियों और संगठन की विफलताओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी साझा की। पुलिस अधिकारियों ने रानिता के आत्मसमर्पण को एक महत्वपूर्ण सफलता मानते हुए कहा कि यह नक्सलवाद के खिलाफ उनकी रणनीति का एक सकारात्मक संकेत है। आत्मसमर्पण के बाद, रानिता को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली पुनर्वास योजनाओं और सहायता का लाभ मिलेगा, जिससे वह समाज में अपने नए जीवन की शुरुआत कर सकेंगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU